संख्या - 3823/सैंतीस-2-2013

प्रेषक,

योगेश कुमार,
प्रमुख सचिव,
पशुधन एवं मत्स्य,
उ0 प्र0 शासन, लखनऊ |

सेवा में,

1. समस्त अपर निदेशक ग्रेड-2
2. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,

पशुधन अनुभाग -2

दिनांक - 14 अक्टूबर, 2013

विषय : ई-मेल आई डी एवं वेबसाइट के प्रयोग के संबंध में |

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि विभाग द्वारा मुख्यालय पर तैनात अधिकारियों,पशुधन प्रक्षेत्र,अपर निदेशक ग्रेड-2 एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों के प्रयोग हेतु ई-मेल आई डी प्रदान की गयी थीं, जिनके प्रयोग हेतु दिनांक 18.01.2013 से 24.01.2013 तक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था| साथ ही इनके प्रतिदिन प्रयोग के निर्देश विभिन्न मासिक समीक्षा बैठक में दिये जाते रहे है|

परन्तु यह संज्ञान में आया है, कि अधिकांश अधिकारियों द्वारा उक्त ई-मेल आई डी का प्रयोग नहीं किया जा रहा है एवं उक्त अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों के विरुद्ध भी कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की है | इसके अतिरिक्त विभागीय वेबसाइट (http://animalhusb.up.nic.in) का प्रयोग भी नहीं किया जा रहा है| जिसके कारण सूचनाओं के प्रभावी आदान प्रदान संभव नहीं हो पा रहा है|

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्रतिदिन कम से कम दो बार विभागीय ई-मेल आई डी एवं वेबसाइट का प्रयोग सुनिश्चित करें| भविष्य में यदि मेल द्वारा भेजी गयी सूचना के संबंध में किसी अधिकारी द्वारा अनभिज्ञता जाहिर की गयी तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी|

भवदीय,

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या : 3823(1) /सैंतीस-2-2013, तददिनांक |

प्रतिलिपि : निदेशक, पशुपालन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित |

प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन|